



# आचार एवं नैतिकता संहिता

## सत्यनिष्ठा का पालन
## इसे जानें। इसे बताएं। इसका पालन करें।

मैग्ना इंटरनेशनल





# CEO
# का संदेश

**"हम सभी का यह कर्त्तव्य है कि आचार एवं नैतिकता संहिता की हम समीक्षा करें और उसे समझें ताकि अपने सभी व्यावसायिक कार्यों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से काम कर सकें।**

इस विशाल कंपनी का CEO होने के नाते मुझे, हमारी सफलता, प्रतिष्ठा और अर्जित विश्वसनीयता पर गर्व है। इसीलिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि अपनी आचार एवं नैतिकता संहिता का पालन सुनिश्चित करते हुए हमने जो भी हासिल किया है, उसके संरक्षण हेतु हम सभी अपनी-अपनी भूमिका निभाएं।

दुनियाभर में सरकारी एजेन्सियों ने कानूनी अनुपालन पर अपना ध्यान बढ़ा दिया है, और वाहन उद्योग की छानबीन में उनकी पैनी नज़र रहती है - इस छानबीन से मैग्ना भी अछूती नहीं रही है।

अनैतिक व्यवहार को हम बिल्कुल सहन नहीं करते। कोई कर्मचारी यदि भलाई की दृष्टि से कोई समस्या सूचित करता है तो उसके विरुद्ध जाने वाले किसी व्यक्ति को भी हम बिल्कुल सहन नहीं करते।

कर्मचारियों के रूप में, हम सभी का यह कर्त्तव्य है कि आचार एवं नैतिकता संहिता की हम समीक्षा करें और उसे समझें ताकि अपने सभी व्यावसायिक कार्यों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से काम कर सकें।

हर किसी के लिए यह अपना उत्तरदायित्व निभाने का एक अवसर है - कि वह सत्यनिष्ठा से काम करे और यदि कोई नहीं करता तो उसकी सूचना दे। सत्यनिष्ठा का पालन करने तथा मैग्ना की निरंतर सफलता में योगदान देने के लिए धन्यवाद।

आपका,



डोनाल्ड जे. वाकर
मुख्य कार्यकारी अधिकारी





# विषय-सूची

CEO का संदेश
आचार एवं नैतिकता संहिता का परिचय 2
कर्मचारियों हेतु यह महत्वपूर्ण क्यों है 5

## व्यावसायिक सौदों में सत्यनिष्ठा का पालन

सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवसाय करना 7
विश्वास-रोधी एवं प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन 7
रिश्वत-रोधी कानूनों का अनुपालन 8
गुटबंदी / राजनैतिक सहभागिता 9

## पारदर्शी ढंग से सूचित करते हुए सत्यनिष्ठा का पालन

वित्तीय सूचना देना 12
प्रतिभूतियों का अनुचित कारोबार 13
सार्वजनिक प्रकटन 13

## अपने कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा का पालन

पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा 15
वैयक्तिक सूचना का संरक्षण 15
मानवाधिकारों का सम्मान 16
भिन्नता एवं समावेशन 16

## अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा का पालन

गोपनीय जानकारी का उपयोग 19
निवेश और कॉरपोरेट अवसर 19
आत्म-विवेचन और संबंधियों या मित्रों से चर्चा 20
बाहरी पद 21
उपहार, भोजन, और मनोरंजन 21

## उत्तम संप्रेषण द्वारा सत्यनिष्ठा का पालन

सजग संप्रेषण 23
उत्तम व्यवसाय पद्धति 24

कानूनी अनुपालन विशेषज्ञों से सहयोग 25
शब्दावली 26
रंगीन एवं इटालिक्स में दिए गए शब्दों को शब्दावली में परिभाषित किया गया है।



# परिचय

## यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी अपनी कॉरपोरेट नीतियों के अनुरूप और नैतिक ढंग से व्यवसाय करने में अपने दायित्व को समझें।

आज, जैसे जैसे वाहन उद्योग और अधिक जटिल और चुनौतिपूर्ण होता जा रहा है, यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी अपनी कॉरपोरेट नीतियों के अनुरूप और नैतिक ढंग से व्यवसाय करने में अपने दायित्व को समझें।

मैग्ना की निष्पक्ष उद्यम संस्कृति के बुनियादी मूल्य एवं कारोबारी सिद्धांत हमारे कर्मचारी के अधिकार-पत्र और प्रचालन संबंधी सिद्धांतों में दिए गए हैं, और हमारी आचार एवं नैतिकता संहिता द्वारा इन्हें लागू किया गया है। अपने नैतिक मानकों का पालन करने में यह संहिता हमारा मार्गदर्शन करती है।

मैग्ना अपने प्रत्येक कर्मचारी से यह उम्मीद और अपेक्षा रखती है कि वह लागू कानून के अनुसार तथा हमारे बुनियादी मूल्यों और कारोबारी सिद्धांतों के अनुरूप काम करे। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं, परामर्शदाताओं, स्वतंत्र ठेकेदारों, एजेन्टों और अन्य प्रतिनिधियों से भी उम्मीद करते हैं कि वे इन मानकों का पालन करें। इस संहिता का उल्लंघन करने पर कर्मचारियों पर बर्खास्तगी सहित अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी, और तीसरे पक्षों से हमारे संबंध समाप्त किए जा सकते हैं।

यह मानक लागू करता है कि कैसे हम :

- कार्यस्थल में एक-दूसरे से बर्ताव करते हैं;
- अपने पर्यावरण संबंधी उत्तरदायित्व निभाते हैं;
- प्रतिस्पर्धियों से निपटते हैं;
- सरकारी कर्मचारियों से बातचीत करते हैं; और
- मैग्ना तथा हमारे ग्राहकों की गोपनीय जानकारी संरक्षित करते हैं।

हममें से प्रत्येक, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से काम करने, तथा हर समय नैतिकता अपनाने के लिए, उत्तरदायी है। यह हमारे कार्य का मुख्य अंश है। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और निरंतर सहयोग देने के लिए मैग्ना की अनुपालन टीम प्रतिबद्ध है।

यह दस्तावेज़, मैग्ना कर्मचारियों के रूप में, हमारे कर्त्तव्यों के लिए एक संसाधन के रूप में हमारा मार्गदर्शन करता है, और स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विषय प्रदान करता है।

# क्या आचार एवं नैतिकता संहिता मुझ पर लागू होती है?


हां। आचार एवं नैतिकता संहिता मैग्ना, इंटरनेशनल इंक के सभी कर्मचारियों और इसके सभी प्रचालन समूहों, प्रभागों, संयुक्त उद्यमों तथा अन्य वैश्विक प्रचालनों पर लागू होती है। यह हमारे सभी निदेशकों, अधिकारियों और मैग्ना की ओर से कार्यरत किसी भी अन्य व्यक्ति, जैसे परामर्शदाता, स्वतंत्र ठेकेदार, एजेन्ट और अन्य प्रतिनिधि, पर भी लागू होती है, ।

# यदि मैं संहिता का उल्लंघन करता हूं तो क्या होगा?

आचार एवं नैतिकता संहिता के मूल्यों से हम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं और इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में किसी भी विफलता को हम गंभीरता से लेंगे। संहिता का उल्लंघन होने पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी। अनुशासनिक कार्यवाही, उल्लंघन की गंभीरता पर निर्भर होगी और गंभीर मामलों में कंपनी के हित में या उचित कारण से बर्खास्तगी भी हो सकती है।

हमारे कर्मचारियों से अपेक्षित नैतिक मानकों का पालन न करने वाले हमारे आपूर्तिकर्ताओं, परामर्शदाताओं, स्वतंत्र ठेकेदारों, एजेन्टों और अन्य प्रतिनिधियों को भी वही परिणाम भुगतने होंगे। यदि उल्लंघन बहुत गंभीर है तो, हम तीसरे पक्ष के साथ अपना संबंध समाप्त भी कर सकते हैं।

आपको यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि संहिता के कुछ भाग स्पष्टत: लागू कानूनी अपेक्षाएं भी दर्शाते हैं। इसका अर्थ यह है कि, कुछ मामलों में, संहिता का उल्लंघन कानून का उल्लंघन भी हो सकता है। इन मामलों में, आर्थिक दंड या कैद भी हो सकती है।




कृपया ध्यान रहे कि इस दस्तावेज में दिए गए प्रश्न एवं उदाहरण केवल अनुदेशात्मक हैं, वे वास्तविक घटनाओं का वर्णन नहीं हैं, और उनमें सबकुछ समाविष्ट नहीं है, या वे आचार एवं नैतिकता संहिता के अंतर्गत उठने वाले सर्वाधिक गंभीर मामले भी नहीं हैं।

# Driving Integrity

## Know it. Speak it. Live it.



# यह कर्मचारियों के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है

## सत्यनिष्ठा हमारे चयन का परिणाम है

जीवन में हमें कई चयन करने होते हैं, और हम प्रतिदिन कई चयन पलक झपकते कर लेते हैं।

परंतु कुछ चयन दूसरों की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। और मैग्ना के प्रतिनिधि के रूप में हम जो चयन करते हैं, वे हमारे साथ-साथ कंपनी को भी प्रतिबिंबित करते हैं।

संक्षेप में, सत्यनिष्ठा हमारे चयन का परिणाम है।

मैग्ना की आचार एवं नैतिकता संहिता, कार्यस्थल में सर्वोत्तम चयन करने में हमारा मार्गदर्शन करती है। यह संहिता मैग्ना के दुनियाभर में फैले सभी कर्मचारियों पर लागू है, जिनमें कॉरपोरेट/समूह कार्यालय, विनिर्माण प्रभाग और संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं।

मैग्ना सभी कर्मचारियों से अपेक्षा करती है कि वे आचार एवं नैतिकता संहिता को पढ़ें और समझें तथा हमेशा नैतिकता एवं ईमानदारी से काम करें। सही चयन करना तथा हमारे कारोबार को नियंत्रित करने वाले कानूनों एवं नियमों का पालन करना, हमारी वर्तमान एवं भावी सफलता के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

## आप क्या कर सकते हैं

संगठन में सत्यनिष्ठा के पालन में सहायता के लिए मैग्ना आप पर निर्भर है। हमारा आपको निर्देश है कि

- आचार एवं नैतिकता संहिता और संबंधित नीतियों को जानें
- यदि आपको लगता है कि संभवत: आचार एवं नैतिकता संहिता का कोई उल्लंघन हुआ है या संहिता के बारे में कोई सवाल हो तो बोलें
- आचार एवं नैतिकता संहिता के बुनियादी सिद्धांतों का, प्रतिदिन पालन करने का

हमारा यही तात्पर्य है जब हम कहते हैं: **इसे जानें। इसे बताएं। इसका पालन करें।** मैग्ना की सफलता हमारे उन लोगों पर निर्भर है जो सक्रिय भूमिका निभाते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि हम सभी नैतिक ढंग से कारोबार करें।

## कार्यपालकों / वरिष्ठ अधिकारियों / प्रबंधकों से अपेक्षाएं

कंपनी के मुखिया होने के नाते, मैग्ना के कार्यपालकों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रबंधकों से यह अपेक्षित है कि वे अपने लिए सर्वोत्तम नैतिक मानक तय करें, जिसके फलस्वरूप अपनी टीमों के लिए वे एक मिसाल बन जाते हैं। मैग्ना के मुखियाओं से यह भी अपेक्षित है कि वे संहिता के किन्हीं संभाव्य उल्लंघनों के प्रति सजग एवं सचेत रहें तथा समय रहते शिकायतें सूचित करें। उन्हें एक ऐसा वातावरण भी बनाए रखना चाहिए जिसमें कर्मचारी सहजता से अनुपालन संबंधी शिकायतें दर्ज करवाएं। मिसाल के द्वारा नेतृत्व, संहिता में निहित कंपनी-आधारित व्यवहार मानक स्थापित करने में महत्वपूर्ण है।





# व्यवसायिक सौदों में सत्यनिष्ठा का पालन


सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवसाय करना 7

विश्वास-रोधी एवं प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन 7

रिश्वत-रोधी कानूनों का अनुपालन 8

गुटबंदी और राजनैतिक सहभागिता 9

# सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवसाय करना

हमारी प्रचालन संबंधी सोच यह है कि हम सभी, कर्मचारी और प्रबंधन, समान रूप से मैग्ना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं।

यह उत्तरदायित्व पूरा करने के लिए, हम सभी को सत्यनिष्ठा से काम करना होगा। इसका अर्थ यह है कि हम खुद पर लागू कानूनों का पालन करना अपना धर्म समझें, इस संहिता का पालन करते हुए अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करें।

हमें, अन्य कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या दूसरे भागीदारों के साथ अपने व्यवहार में भी निष्पक्ष होना चाहिए।

यह भी आवश्यक है कि हम भिन्न विचारों एवं मतों वाले अन्य लोगों का भी आदर करें, जिन देशों में हमारे प्रचालन हैं उनकी संस्कृतियों एवं परंपराओं के प्रति संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक काम करें, तथा जहां हम व्यवसाय संचालित करते हैं वहां समुदायों और वातावरण पर अपने प्रभाव को समझने का प्रयास करें।

# विश्वास-रोधी एवं प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन

हम तगड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं, परंतु मुक्त एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा हेतु सम्मान के साथ। इसके फलस्वरूप, मैग्ना के कर्मचारी सभी विश्वास-रोधी एवं प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन हेतु प्रतिबद्ध हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करने वाली किन्हीं भी गतिविधियों में हम लिप्त नहीं हैं जैसे अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्य, छूट या बिक्री की शर्तें तय करने, उत्पादन सीमित करने, बाज़ारों का बंटवारा करने, निविदा गतिविधियां संयोजित करने या ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं का बहिष्कार करने पर सहमत होना।

हमारी विश्वास-रोधी एवं प्रतिस्पर्धा नीति इस प्रतिबद्धता के हमारे पालन पर और अधिक पूर्ण स्पष्टीकरण प्रदान करती है।

Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

प्रश्न: ऑटो शंघाई में, अपने एक पूर्व बिक्री सहकर्मी से मेरी मुलाकात हुई जो अब एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। भोजन के दौरान, उसने मुझसे कहा कि अगर हम चाहें तो एक पेचीदा नये खरीदार से सौदा करने में मिलकर कोई रणनीति बना सकते हैं। मैंने उससे कहा कि मैं सोचकर बताऊंगा। मुझे क्या करना चाहिए था?

उत्तर: एक पूर्व सहकर्मी के साथ भोजन करना कोई समस्या नहीं है, परंतु किसी प्रतिस्पर्धी के साथ कारोबारी रणनीति बनाने की सख्त मनाही है। ऐसी स्थिति में, आपको रणनीति बनाने की चर्चा तुरंत बंद करनी चाहिए थी और साथ भोजन कर रहे उस व्यक्ति से कहना था कि आप इस विषय पर बात नहीं करना चाहते। इसके बाद आपको तुरंत अपने प्रबंधक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ को सूचित करना चाहिए।

# रिश्वत-रोधी कानूनों का अनुपालन

हम न तो **रिश्वत** या **बख्शीश** देते हैं और न ही लेते हैं, चाहे वह सीधे-सीधे हो या फि**रतीसरे पक्ष** द्वारा। कीमती वस्तु देते **यास्वीकारते समय**, हमें यह सोचना चाहिए ऐसा करने से कोई कारोबारी निर्णय प्रभावित तो नहीं होगा या दूसरों पर हम ऐसी छाप तो नहीं छोड़ेंगे। हमें हमेशा यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे द्वारा किए गए सभी भुगतानों के अभिलेख सही और परिपूर्ण हों। ये दायित्व सभी मामलों में लागू होते हैं, परंतु **सरकारी कर्मचारियों** वाले मामलों में इनका विशेषत: सख्ती से पालन होना चाहिए।

रिश्वत-रोधी नीति हेतु हमारी प्रतिबद्धता, बिना अपवाद के, हमारे सभी प्रचालनों पर लागू है, चाहे स्थानीय कानून या सांस्कृतिक परिवेश कैसे भी हों। हमारी ओर से काम कर रहे तीसरे पक्षों से भी हम अपेक्षा रखते हैं कि वे इस सिद्धांत का पालन करें।

रिश्वत-मुक्त कारोबार संचालन हेतु हमारी प्रतिबद्धता पर और अधिक जानकारी के लिए, रिश्वत एवं अनुचित भुगतानों पर हमारी नीति देखें।

प्रश्न: हमारे देश में, सरकारी कर्मियों को थोड़ा सा भुगतान (सामान्यत: 100 डॉलर तक) करना आम बात है ताकि काम अधिक शीघ्रता से हो सके। हमारी संहिता और नीतियों के तहत क्या मैं ये भुगतान कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं। रिश्वत एवं अनुचित भुगतानों पर हमारी संहिता और नीति के तहत ऐसे भुगतानों की मनाही है। आपने जिस भुगतान का वर्णन किया है उसे प्राय: “सहूलियत भुगतान” या “घूस देना” कहा जाता है। यद्यपि कुछ देशों में ये भुगतान कानूनी और आम हैं, पर कई अन्य देशों में ये गैर-कानूनी हैं।

प्रश्न: हमारे सुरक्षा अनुपालन पर नज़र रखने वाले एक सरकारी कर्मचारी ने अपने भांजे का शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव देकर, उसे मेरे विभाग में कोई नौकरी दिलवाने की मुझसे सिफारिश की। मैंने उसके शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव पर गौर किया है और उसमें अच्छी योग्यताएं हैं। मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर: इस अनुरोध के बारे में आपको तुरंत अपने प्रबंधक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ को बताना चाहिए। एक योग्य आवेदक के रूप में, पद के लिए उसके साथ अन्य योग्य आवेदकों के समान ही व्यवहार करना चाहिए। ऐसे अनुरोधों से सावधानीपूर्वक निपटना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अपने संबंध बनाए रखने में हम कानून एवं अपने मूल्यों का आदर करें।



# गुटबंदी और राजनैतिक सहभागिता

क्योंकि गुटबंदी और राजनैतिककचंदों से जुड़े कानून अत्यधिक जटिल हो सकते हैं और हमारे विभिन्न कारोबारी स्थानों में ये काफी भिन्न हो सकते हैं, अत: चंदा एवं समर्थन देने सहित, गुटबंदी और राजनैतिक सहभागिता संबंधी अपने प्रयासों में हमें बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।

ऐसे मामलों से निपटने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत कॉरपोरेट कार्यालय प्रतिनिधि से लिखित अनुमति के बिना, मैग्ना की ओर से किसी भी स्तर की सरकार के साथ गुटबंदी न करें या राजनैतिक चंदे (आर्थिक दान, सामान या सेवाओं सहित) न दें। और अधिक जानकारी हेतु, कृपया कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ या सरकारी कामकाज समूह के किसी सदस्य से बात करें या MagNET पर सरकारी कामकाज पृष्ठ पर जाएं।

प्रश्न: मैग्ना को अपने नये संयंत्र भवन की रूपरेखा हेतु नगर परिषद से मंज़ूरी पाने में कुछ परेशानी हो रही है। मैं एक नगर पार्षद से अच्छी तरह परिचित हूं और उसे काफी हेतु निमंत्रित करके यह बताना चाहता हूं कि उन्हें इसका क्यों समर्थन करना चाहिए। क्या मैं ऐसा कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं। चूंकि निर्वाचित सरकारी अधिकारी के साथ इस तरह की बैठक करना लोक निर्णय को प्रभावित करने के उद्देश्य से है, अत: स्थानीय कानून के तहत यह गुटबंदी मानी जा सकती है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत कॉरपोरेट कार्यालय प्रतिनिधि से लिखित अनुमति के बिना, हमें किसी भी तरह की गुटबंदी नहीं करनी चाहिए।

Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.

हमारी प्रचालन संबंधी सोच यह है कि हम सभी, कर्मचारी और प्रबंधन, समान रूप से मैग्ना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं। यह उत्तरदायित्व पूरा करने के लिए, हम सभी को सत्यनिष्ठा से काम करना होगा। इसका अर्थ यह है कि हम खुद पर लागू कानूनों का सहधर्मिता से पालन करना चाहिए, इस संहिता का पालन करते हुए अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए।








# पारदर्शी ढंग से सूचित करते हुएसत्यनिष्ठा का पालन


वित्तीय सूचना देना 12

प्रतिभूतियों का अनुचित कारोबार 13

सार्वजनिक प्रकटन 13

# वित्तीय सूचना देना

मैग्ना की विश्वसनीयता हमारी वित्तीय रिपोर्टों की सटीकता पर आधारित होती है और वित्तीय सूचना देने से संबंधित सभी लागू कानूनों का हमें पालन करना चाहिए। अपनी वित्तीय प्रविष्टियों में भी हमें पूरी तरह से सटीक रहना चाहिए।

हमारे वित्तीय नियंत्रण हमारी रिपोर्टों की सटीकता और सामयिक प्रस्तुति सुनिश्चित करने हेतु बनाए गए हैं। हम यह सहन नहीं करेंगे कि गलत या झूठी प्रविष्टियों के माध्यम से कोई इन नियंत्रणों से पीछा छुड़ाने का कदम उठाए, या किसी को ऐसा कदम उठाने का आदेश दे। ऐसा करना संहिता का गंभीर उल्लंघन है और इसे एक अपराध भी माना जा सकता है।

प्रश्न: मैं लेखा अनुभाग में कार्यरत हूं और हाल ही में मुझे कई बड़े आपूर्तिकर्ता के चालान प्राप्त हुए हैं। मेरी अधिकारी ने मुझे इन्हें अगली तिमाही में दर्ज करने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से हमारे वित्तीय परिणाम बेहतर होंगे और हमारे शेयर मूल्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी। क्या मुझे उनके निर्देश मानने चाहिए?

उत्तर: नहीं। खर्चों की गलत तारीखों या लंबित रिपोर्टिंग इस तिमाही में आमदनी अधिक दर्शाएगी, और इससे हमारे वित्तीय परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। सभी वित्तीय जानकारी का सटीक अभिलेखन न करना, चाहे यह मैग्ना की सहायता करने के उद्देश्य से हो, संहिता और सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों का उल्लंघन है। अगर आपकी अधिकारी आपसे ऐसा करने को कहती हैं, तो आपको मना कर देना चाहिए। यदि आपको सहज नहीं लगता या अधिकारी लगातार दबाव डालती है, तो आपको समूह या कॉरपोरेट कार्यालय में किसी वित्तीय अधिकारी या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ को तुरंत इसकी सूचना देनी चाहिए। आप इस मुद्दे को उत्तम व्यवसाय पद्धति के उपयोग करके भी सूचित कर सकते हैं।



# प्रतिभूतियों का अनुचित कारोबार

हमारे कर्मचारी, उनके कार्य के माध्यम से कभी-कभी मैग्ना, हमारे आपूर्तिकर्ताओं, प्रतिस्पर्धियों, ग्राहकों या कारोबारी भागीदारों के बारे में गोपनीय जानकारी तक पहुँच सकते हैं। इस **अंदरूनी जानकारी**, का यदि कोई कर्मचारी निवेश के उद्देश्य से उपयोग करता है, तो अन्य निवेशकों की अपेक्षा उस कर्मचारी को अनुचित लाभ हो सकता है। अंदरूनी जानकारी के आधार पर शेयर या बॉण्डों जैसी प्रतिभूतियां खरीदना या बेचना गैर-कानूनी है और इसका कड़ा दंड मिल सकता है। इसलिए, यदि आपको मैग्ना या अन्य कंपनी के बारे में अंदरूनी जानकारी है, तो वह जानकारी सार्वजनिक होने तथा निवेशकों को उसका मूल्यांकन करने का अवसर मिलने तक आपको उस कंपनी में निवेश करने की मनाही है।

कर्मचारियों को अंदरूनी जानकारी अपने उन सहकर्मियों या मैग्ना से बाहर के लोगों से बांटने की भी मनाही है, जो इसे पाने हेतु अधिकृत नहीं हैं। यह मनाही **संबंधियों या घनिष्ठ मित्रों** के साथ जानकारी बांटने पर भी है।

अंदरूनी लेन-देन एवं रिपोर्टिंग पर नीति में सूचीबद्ध मैग्ना के निदेशकों एवं अधिकारियों और अन्य नामित व्यक्तियों हेतु और भी अधिक कड़ी अपेक्षाएं हैं। कतिपय अवधियों के दौरान इन व्यक्तियों द्वारा मैग्ना प्रतिभूतियां खरीदने या बेचने की मनाही है।

अंदरूनी लेन-देन एवं रिपोर्टिंग पर नीति में अंदरूनी लेन-देन और अनुचित प्रकटन से बचने पर मार्गदर्शन किया गया है।

Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.

प्रश्न: आंतरिक रिपोर्टों के आधार पर, मैं यह जानता हूं कि मैग्ना की बिक्री काफी बढ़ी है और इस तिमाही में हमारा मुनाफा उद्योग के विश्लेषकों के अनुमान से कहीं अधिक होगा। हमारी तिमाही आय की सार्वजनिक घोषणा से पहले क्या मैं अपनी बहन से मैग्ना के शेयर खरीदने को कह सकता हूं?

उत्तर: नहीं। अपने परिवार एवं मित्रों सहित अपने या दूसरों के लाभ हेतु अंदरूनी जानकारी का उपयोग, हमारी संहिता के विरुद्ध और गैर-कानूनी है।

# सार्वजनिक प्रकटन

एक पब्लिक कंपनी होने के नाते, मैग्ना का यह उत्तरदायित्व है कि सार्वजनिक दस्तावेजों में वह पूर्ण, सटीक और सामयिक जानकारी प्रदान करे। हम इस उत्तरदायित्व को गंभीरता से लेते हैं और हमारे कारोबार, प्रचालनों एवं वित्तीय स्थितियों के प्रकटन से संबंधित लागू कानूनों का पूरी तरह पालन करते हैं। इन जटिल कानूनी अपेक्षाओं के अनुपालन हेतु, मैग्ना ने एक कॉरपोरेट प्रकटन समिति गठित की है जिसमें वरिष्ठ कॉरपोरेट प्रबंधक शामिल हैं।

प्रचार माध्यमों या शेयरधारकों के साथ बात करने, या किसी भी तरह का सार्वजनिक प्रकटन करने हेतु प्राधिकृत कर्मचारी को लागू प्रतिभूति कानूनों और कॉरपोरेट प्रकटन पर हमारी नीति का अनुपालन करना चाहिए।

कॉरपोरेट प्रकटन पर हमारी नीति में और अधिक जानकारी मिल सकती है।




# अपने कार्यस्थल में सत्यनिष्ठा का पालन


पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा 15

वैयक्तिक सूचना का संरक्षण 15

मानवाधिकारों का सम्मान 16

भिन्नता एवं समावेशन 16

हमारे कर्मचारियों की भिन्नता हमारी वैश्विक कंपनी के लिए शक्ति का एक स्रोत है। इसलिए हम भिन्न पृष्ठभूमियों, क्षमताओं और मतों के लोगों को महत्व देते हुए उनका आदर करते हैं।

# पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

यह आवश्यक है कि मैग्ना के कर्मचारी सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरणों में काम करें। अपने सभी प्रचालनों में पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उत्तरदायित्व में हम उद्योग के एक अग्रणी बनना चाहते हैं।

हम खुद पर लागू सभी स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण कानूनों एवं नियमों का पालन करने या उससे अधिक करने हेतु प्रतिबद्ध हैं और प्रत्येक प्रचालन पर निरंतर सुधार के उद्देश्य से नज़र रखते हैं तथा पुनर्रिक्षित करते हैं।

स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण हेतु हमारी प्रतिबद्धता हमारे कर्मचारी अधिकार-पत्र और हमारे प्रचालन संबंधी सिद्धांतों में स्पष्ट की गई है और स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति में इसे अधिक विस्तार से स्पष्ट किया गया है।

# वैयक्तिक सूचना का संरक्षण

अपने कर्मचारियों की निजता का हम आदर करते हैं और उनकी वैयक्तिक जानकारी संरक्षित करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। वैयक्तिक जानकारी का संग्रहण, उपयोग एवं प्रकटन हम केवल उचित कारोबारी या रोज़गार उद्देश्य या कानून की अपेक्षानुसार ही करेंगे। संग्रहीत वैयक्तिक जानकारी की गोपनीयता संरक्षित करने के हम उचित उपाय भी करेंगे।

Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.

प्रश्न: मैं एक प्रभाग के मानव संसाधन विभाग में कार्यरत हूं। हाल ही में एक मार्केटिंग कंपनी ने मुझसे हमारे सभी कर्मचारियों के घरेलू पते मांगे ताकि वे उन्हें एक नये क्लिनिक के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी भेज सकें। यद्यपि इस जानकारी से कर्मचारियों को शायद कुछ लाभ ही होता, परंतु मैंने मार्केटिंग कंपनी को मना कर दिया। क्या मैंने सही किया?

उत्तर: हां, बिल्कुल सही। हमारे कर्मचारियों के घरेलू पते वैयक्तिक जानकारी है और इनका प्रकटन केवल उचित कारोबारी या रोज़गार उद्देश्य या कानून की अपेक्षानुसार ही होना चाहिए। इस मामले में, यह वैयक्तिक जानकारी देने के लिए किसी सेवा की मार्केटिंग करना कोई स्वीकार्य कारण नहीं है। ऐसा करने से संहिता का उल्लंघन होगा और स्थानीय निजता कानूनों के तहत यह गैर-कानूनी हो सकता है।

# मानवाधिकारों का सम्मान

अपने कर्मचारियों और अन्य भागीदारों के मानवाधिकारों का सम्मान करना हमारे कारोबार के लिए महत्वपूर्ण है। हम खुद पर लागू सभी मानवाधिकार कानूनों एवं नियमों का पालन करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

हम अपने कर्मचारियों को निष्पक्ष कामकाजी स्थितियां प्रदान करते हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला में बाल मज़दूरी या बलात् मज़दूरी को सहन नहीं करते। हमें यह भी अपेक्षा है कि हमारे साथ काम करने वाले आपूर्तिकर्ता या अन्य कंपनी भी नैतिक ढंग से काम करते हुए कानून का पालन करे।

प्रश्न: मुझे संदेह है कि हमारा एक आपूर्तिकर्ता कम उम्र के मज़दूरों से काम करवाता है। मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर: यदि आपको संदेह है कि हमारा एक आपूर्तिकर्ता बाल मज़दूरी करवाता है, तो आपको तुरंत इसे अपने प्रबंधक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ को सूचित करना चाहिए।

प्रश्न: मैं ट्रॉय, मिचिगन कार्यालय की किसी कर्मचारी को हमारे उत्तरी अमेरिकन आपूर्तिकर्ता से चर्चा करने की भूमिका में पदोन्नत करना चाहता हूं। वैसे उसके पास सभी अपेक्षित योग्यताएं है, मुझे चिंता यह है कि हमारे कुछ आपूर्तिकर्ता उसकी शारीरिक क्षमता से असहज हो सकते हैं। इस कारण से क्या किसी और को पदोन्नत करना उचित होगा?

उत्तर: नहीं। शारीरिक अक्षमता जैसी कानूनी रूप से संरक्षित स्थिति में हम बिना भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को उन्नति का समान अवसर प्रदान करने हेतु कटिबद्ध हैं। यदि कर्मचारी के पास कार्य हेतु समुचित योग्यता है, तो उसकी शारीरिक अक्षमता के आधार पर आप उसे पदोन्नति से वंचित नहीं कर सकते।


Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

# भिन्नता एवं समावेशन

हमारे कर्मचारियों की भिन्नता हमारी वैश्विक कंपनी के लिए शक्ति का एक स्रोत है। इसलिए हम भिन्न पृष्ठभूमियों, क्षमताओं और मतों के लोगों को महत्व देते हुए उनका आदर करते हैं।

हम सभी लागू श्रम एवं रोज़गार कानूनों का पालन करते हैं, जिनमें भेदभाव एवं उत्पीड़न का निषेध तथा भिन्नताओं के उचित नियोजन के प्रावधान शामिल हैं। हम प्रत्येक व्यक्ति को रोज़गार एवं जीविका उन्नयन के समान अवसर प्रदान करने हेतु कटिबद्ध हैं और इसके लिए लिंग, वर्ण, नस्ल पृष्ठभूमि, धर्म, अक्षमता या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य लक्षण के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता।





# अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा का पालन


गोपनीय जानकारी का उपयोग 19

निवेश और कॉरपोरेट अवसर 19

आत्म-विवेचन और संबंधियों या मित्रों से चर्चा 20

बाहरी पद 21

उपहार, भोजन, मनोरंजन 21

# गोपनीय जानकारी का उपयोग

अन्य संपत्ति की तरह, हमसे, हमारे ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित गुप्त व्यापारिक एवं स्वामित्व जानकारी जैसी गोपनीय सूचना हमारे कारोबार का अमूल्य अंश है और इसके संरक्षण का दायित्व हम पर ही है। ऐसी सूचना मैग्ना से बाहर के किसी व्यक्ति को नहीं देनी चाहिए जब तक कि यह कानूनन या प्राधिकृत कारोबारी उद्देश्य से ज़रूरी न हो।

प्रश्न: मैग्ना की गोपनीय जानकारी संरक्षित करने हेतु मैं क्या कर सकता हूं?

उत्तर: मैग्ना की गोपनीय जानकारी संरक्षित करने हेतु आप कई उपाय कर सकते हैं। आपको गोपनीय अभिलेखों एवं सूचना की उचित देखभाल करनी चाहिए और अपने इलेक्ट्रॉनिक उपस्करों को लंबी अवधी के लिए, विशेषकर यात्रा या कारोबारी समारोहों के दौरान, अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। आपको सार्वजनिक स्थानों जैसे भीड़ भरी स्वचालित सीढ़ियों या वायुयान पर मैग्ना के कारोबार पर चर्चा करने से भी बचना चाहिए, ।

# निवेश और कॉरपोरेट अवसर

मैग्ना के कर्मचारी होने के नाते, हमें ऐसी स्थितियां से बचना चाहिए जहाँ हमारे वैयक्तिक हित मैग्ना के हितों के आड़े आते हों, या ऐसा प्रतीत होता हो।


उदाहरणार्थ, यदि अपने पद, या मैग्ना की संपत्ति या जानकारी के माध्यम से आपको कोई कारोबारी अवसर मिलता है, तो आपको उसका वैयक्तिक लाभ नहीं उठाना चाहिए। अपने वैयक्तिक लाभ हेतु आपको मैग्ना के संसाधनों के उपयोग से भी बचना चाहिए। आपको किसी ऐसी गतिविधि में भी लिप्त नहीं होना चाहिए, जो आपको मैग्ना का प्रतिस्पर्धी बना दे।

## गोपनीय सूचना हमारे कारोबार का अमूल्य अंश है और इसके संरक्षण का दायित्व हम पर ही है।

Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

प्रश्न: मैं इंजीनियरिंग अनुभाग में कार्यरत हूं और काम के दौरान मैंने एक नई ट्रान्समिशन डिज़ाइन बनाई, जो मेरे विचार से हमारे कुछ वाहन निर्माता ग्राहकों हेतु उपयोगी हो सकती है। चूंकि यह डिज़ाइन मैंने बनाई है, क्या मैं उन्हें इसका सीधा विपणन कर सकता हूं?

उत्तर: नहीं, ऐसा करना संहिता का उल्लंघन होगा। अपनी नौकरी में रहकर यदि आप कोई बौद्धिक संपदा तैयार करते हैं तो उस पर मैग्ना का अधिकार होगा। इसके अलावा, अपने रोज़गार के दौरान मैग्ना के संसाधनों के उपयोग से आपने जो डिज़ाइन बनाई, उससे मैग्ना को ही कारोबारी अवसर मिलेगा। मैग्ना की मंज़ूरी लिए बगैर आप उसका वैयक्तिक लाभ नहीं उठा सकते।



# आत्म-विवेचन और संबंधियों या मित्रों से चर्चा

हमें अपने वैयक्तिक हितों और संबंधों को हमारे कार्य उत्तरदायित्वों के आड़े नहीं आने देना चाहिए। इसलिए, **संबंधियों या घनिष्ठ मित्रों** को सीधे-सीधे निर्देश देना, या उनके साथ प्रत्यक्ष रिपोर्टिंग संबंध स्थापित करना हममें से प्रत्येक के लिए अनुचित है। उस संबंधी या घनिष्ठ मित्र, या कारोबार या संगठन, जिनके साथ हमारे या हमारे संबंधियों या घनिष्ठ मित्रों के हित जुड़े हों, की सेवाएं लेना, मूल्यांकन करना, वित्तपोषण करना, या अनुबंध करना या अन्य कारोबार संबंध रखने की स्थिति में रहना भी अनुचित है ।

विशिष्ट रूप से, यदि आप या आपके किसी संबंधी या घनिष्ठ मित्र के पद या हितों का या किसी अन्य कारोबार या संगठन से जुड़े आपके संबंधी या घनिष्ठ मित्र के महत्वपूर्ण हित से आपके कार्यगत निर्णय प्रभावित हो सकते हैं या प्रभावित होने वाले हों, तो अपने पर्यवेक्षक को सूचित करें। तब आपको किसी ऐसी प्रक्रिया का पालन करना होगा, जो यह सुनिश्चित करने के लिए हो कि सभी व्यवहार एवं निर्णय निष्पक्ष एवं पारदर्शी आधार पर किए जाते हैं।

प्रश्न: मैं खरीद विभाग में एक खरीदार हूं। हाल ही में हमारे एक आपूर्तिकर्ता ने मेरी पत्नी को बिक्री प्रमुख के रूप में नौकरी दी है। क्या यह कोई उलझन है?

उत्तर: हां। संभव है कि आपकी पत्नी की नई भूमिका से आपके कारोबारी निर्णय प्रभावित हों या दूसरों को ऐसा महसूस हो। इसलिए आपको यह जानकारी अपने पर्यवेक्षक को देनी चाहिए। इस तरह से, स्थिति का मूल्यांकन करके प्रबंधन उपयुक्त उपाय कर सकता है। ऐसा करने से मैग्ना को सहायता मिलेगी, और आप एवं आपकी पत्नी अनुचित आचरण के किसी आरोप से बचे रहेंगे।

Driving Integrity
Know it. Speak it. Live it.

# बाहरी पदभार

मैग्ना की सफलता में सहायता हेतु, हमें कार्यसमय के दौरान अपना पूरा समय और ध्यान अपने कार्यों पर ही देना चाहिए। इसलिए, आपको बाहरी काम स्वीकार नहीं करने चाहिए, क्योंकि इससे आप अपने काम हेतु कम समय और ध्यान दे पाएंगे।

जब तक कि पर्यवेक्षक के साथ चर्चा करके आवश्यक प्राधिकार न दिए जाएं, तब तक आपको ऐसे कोई भी वैतनिक या अवैतनिक पदभार ग्रहण करने की मनाही है, जो मैग्ना के लिए हित संघर्ष हों या ऐसी कोई छाप छोड़ते हों।

# उपहार, भोजन, और मनोरंजन

हमारे सभी कारोबारी भागीदारों के साथ हमारा संबंध सत्यनिष्ठा एवं उचित कारोबारी निर्णय पर आधारित होना चाहिए। इसके फलस्वरूप, यदि हम उपहार या मनोरंजन की सेवाएं देते या लेते हैं, तो निष्पक्ष व्यवहार में मैग्ना को लाभ पहुंचाने वाली हमारी प्रतिबद्धता और निर्णय लेने में हमें कोई समझौता नहीं करना चाहिए या ऐसा नहीं लगना चाहिए।

ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे कारोबारी संबंधों में, कारोबारी उपहार या मनोरंजन की सेवाएं देना या लेना स्वीकार्य हैं, बशर्ते कि वे उचित, कभी-कभी एवं कम मूल्य के हों। हम जो उपहार या मनोरंजन सेवाएं दें, उन्हें व्यय रिपोर्टों एवं मैग्ना के बहीखातों और अभिलेखों में सटीकता एवं पारदर्शिता से दर्ज करना चाहिए।

बढ़ते हुए कानूनी जोखिमों के कारण, सरकारी कर्मचारियों के साथ व्यवहार में हम सभी को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सरकारी कर्मचारियों को उपहार या मनोरंजन सेवाएं देने के लिए मैग्ना में कतिपय प्राधिकृत व्यक्तियों की लिखित मंज़ूरी लेना ज़रूरी है। आवश्यक मंज़ूरी पर चर्चा, तथा उपहारों एवं मनोरंजन के बारे में अतिरिक्त जानकारी उपहार एवं मनोरंजन पर हमारी नीति में पाई जा सकती है।

प्रश्न: हमारे एक आपूर्तिकर्ता ने मेरी पसंदीदा टीम को चैम्पियनशिप में खेलते हुए देखने के लिए मुझे हवाई यात्रा का प्रस्ताव दिया है। क्या यह ठीक है?

उत्तर: नहीं। हमारे कारोबारी निर्णय हमेशा मैग्ना के सर्वोत्तम हित में ही प्रेरित होने चाहिए। ऐसा असाधारण उपहार स्वीकार करने से यह संदेश जाता है कि आप आपूर्तिकर्ता को अपने भावी आपूर्ति संबन्धि निर्णयों में लाभ पहुंचा सकते हैं। आप केवल ऐसे कारोबारी उपहार या मनोरंजन सेवाएं ले सकते हैं, जो उचित, कभी-कभी एवं कम मूल्य के हों। यदि आपको कोई शंका हो, तो महाप्रबंधक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ से सलाह लें।

प्रश्न: गत वर्षों में एक सरकारी लेखापरीक्षक, जो मेरे प्रभाग का कई बार परीक्षण कर चुका है, अगले महीने पिता बनने वाला है। मैं उसे उपहार में व्हिस्की की एक बोतल देना चाहता हूं। क्या इसकी अनुमति मिलेगी?

उत्तर: सरकारी कर्मचारी को उपहार या मनोरंजन सेवा देने में अतिरिक्त सावधानी बरतना और प्राधिकृत व्यक्ति से मंज़ूरी लेना ज़रूरी होता है। आपको अपने महाप्रबंधक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।



# उत्तम संप्रेषण द्‌वारासत्यनिष्ठा का पालन


सजग संप्रेषण 23

उत्तम व्यवसाय पद्धति 24

# सजग संप्रेषण

हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम कार्य के दौरान या बाहर जो कुछ लिखते या बोलते हैं, उसमें हमसे अपेक्षित सत्यनिष्ठा और उचित मानक झलकने चाहिए।

मैग्ना और अपनी प्रतिष्ठा संरक्षित करने हेतु, यह महत्वपूर्ण है कि आपके सभी लिखित संप्रेषण सावधानीपूर्वक एवं इस समझ के साथ तैयार किए जाएं कि किसी दिन वे सार्वजनिक हो सकते हैं। वैसे तो आप वैयक्तिक कंप्यूटर प्रणालियों के उपयोग करके, कार्यस्थल से बाहर, इंटरनेट पर संप्रेषण से संभाषण की स्वतंत्रता एवं सभी कानूनी पात्रताओं के हक़दार हैं, परन्तु आपको यह भी ध्यान में रखना होगा कि सामाजिक प्रचार हेतु आप कोई ऐसी सामग्री पोस्ट न करें, जिससे कंपनी की बदनामी हो, आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों को ठेस पहुंचे, या मैग्ना के कॉपीराइट एवं पेटेंट अधिकारों का उल्लंघन हो।

इसके अलावा, यदि कोई समाचार प्रचार रिपोर्टर, उद्योग व्यवसायिक या शेयरधारक आपको मैग्ना से संबंधित मामलों पर चर्चा या टिप्पणी करने को कहे, तो बगैर किसी टिप्पणी के आपको उसे प्राधिकृत मैग्ना संवाददाता के पास भेज देना चाहिए।

सजग संप्रेषण पर मैग्ना की नीति,हमारी वैश्विक ईमेल, इंटरनेट एवं सामाजिक प्रचार नीति और हमारी बाहरी प्रचार संप्रेषण नीति संप्रेषण संबंधित मामलों के लिए उपयोगी संसाधन हैं।

प्रश्न: मैं कभी-कभी हमारे एक आपूर्तिकर्ता पर अपनी भड़ास को फेसबुक पृष्ठ पर निकालता हूं, जहां मेरे 250 मित्र हैं। यह मैं अपने निजी समय में करता हूं और मेरी सेटिंग्स निजी हैं ताकि केवल मेरे मित्र और परिजन ही इन अपडेट्स को देख सकें। क्या यह ठीक है?

उत्तर: नहीं। सामाजिक प्रचार माध्यमों पर पोस्टिंग हमेशा निजी नहीं रहतीं। किसी सार्वजनिक मंच पर आपको मैग्ना के आपूर्तिकर्ता को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। यदि हमारे आपूर्तिकर्ता के बारे में आपकी समस्या संहिता के उल्लंघन से संबंधित है, तो आपको इसे पर्यवेक्षक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ को सूचित करना चाहिए, या उत्तम व्यवसाय पद्धति का उपयोग करना चाहिए। अन्य समस्याएं मैग्ना की खुला दरवाजा प्रक्रिया के उपयोग से बखूबी सुलझाई जाती हैं।

प्रश्न: ऑनलाइन पोस्टेड किसी समाचारपत्र के लेख में मैंने मैग्ना के हाल ही के वित्तीय परिणामों के बारे में कुछ गलत जानकारी देखी। मैं समाचारपत्र की वेबसाइट पर सही जानकारी देते हुए कोई टिप्पणी देना चाहता हूं। क्या मुझे ऐसा करना चाहिए?

उत्तर: नहीं। गलत जानकारी के बारे में आपको तुरंत कॉरपोरेट संप्रेषण या निवेशक संबंध अनुभाग में किसी को सूचित करना चाहिए। यदि आप मैग्ना के कारोबार के बारे में पोस्ट करते हैं, तो आप कंपनी के लिए एक अनधिकृत संवाददाता के रूप में काम करते हैं।

हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम कार्य के दौरान या बाहर जो कुछ लिखते या बोलते हैं, उसमें हमसे अपेक्षित सत्यनिष्ठा और उचित मानक झलकने चाहिए।

# उत्तम व्यवसाय पद्धति

यदि आप इस संहिता, या किन्ही संबंधित नीतियों के किसी उल्लंघन के बारे में जानते हैं, तो आप हमेशा इसे पर्यवेक्षक या कानूनी अनुपालन विशेषज्ञ को सूचित कर सकते हैं।

आप मैग्ना की उत्तम व्यवसाय पद्धति से भी संपर्क कर सकते हैं। आप www.magnagbl.com पर ऑनलाइन रिपोर्ट भेज सकते हैं या अपने देश के लिए आप स्थानीय नि:शुल्क फोन नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं। यह सेवा एक स्वतंत्र, बाहरी कंपनी के माध्यम से दी जाती है और यह दिन में 24 घंटे, वर्ष में 365 दिन उपलब्ध है। जब तक कि कानूनन मनाही न हो (जिसके लिए आपको अपनी रिपोर्ट बनाने से पहले सूचित किया जाएगा), आप अपनी समस्याएं बेनामी सूचित कर सकते हैं। परंतु, कृपया पर्याप्त जानकारी प्रदान करें, ताकि आपकी समस्या की प्रभावी ढंग से जांच की जा सके।

आपको आचार एवं नैतिकता संहिता पर अपनी समस्या के बारे में एक भरोसेमंद रिपोर्ट बनाने में कभी नहीं झिझकना चाहिए। कोई कर्मचारी यदि सद्भाव से कोई सही समस्या सूचित करता है, तो किसी भी व्यक्ति को बदला लेने से मनाही है। बदला कई तरह से लिया जा सकता है, जैसे दंड देना, हटा देना, पदावनत करना, निलंबित करना, धमकाना या परेशान करना। आचार एवं नैतिकता संहिता पर अपनी सही समस्या के बारे में सूचित करने वाले के खिलाफ हम किसी भी तरह की बदले की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

हमारी प्रतिशोध-रोधी नीति2] में इस मुद्दे पर अधिक जानकारी दी गई है।

Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.

प्रश्न: मुझे लगता है कि मेरा पर्यवेक्षक संहिता का उल्लंघन करता है, परंतु मुझे डर है कि उसके व्यवहार के बारे में जानकारी देने से मेरे रोज़गार पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यदि मेरे पर्यवेक्षक को पता चले कि मैंने उसके व्यवहार की शिकायत की है, तो क्या मैग्ना मुझे संरक्षित करेगी?

उत्तर: हां। हमारी प्रतिशोध-रोधी नीति, आपके खिलाफ पर्यवेक्षक द्वारा बदले की कार्रवाई को निषेध करती है और संहिता के उल्लंघन पर यदि आपके जैसा कर्मचारी सद्भाव से कोई सही समस्या सूचित करता है, तो उसे संरक्षित करती है।

प्रश्न: उत्तम व्यवसाय पद्धति के उपयोग से यदि मैं कोई उल्लंघन सूचित करता हूं तो क्या होगा?

उत्तर: उत्तम व्यवसाय पद्धति के माध्यम से जब हमें कोई रिपोर्ट मिलती है, तो संहिता के उल्लंघन हुआ है, इसका निर्णय लेने के लिए हम एक विस्तृत जांच करते हैं। हम जांच को जिम्मेदारी से करने के लिए सावधानी बरतते हैं और उपयुक्त होने पर विशेषज्ञों से सहायता लेते हैं। संहिता के उल्लंघन की किसी भी रिपोर्ट का पहले हमारे उत्तम व्यवसाय पद्धति प्रशासकों (इनमें मैग्ना के मुख्य अनुपालन अधिकारी, उद्यम जोखिम प्रबंधन के उपाध्यक्ष, तथा कॉरपोरेट कानूनी विभाग से कम से एक सदस्य शामिल हैं) द्वारा पुनरीक्षण किया जाता है। प्रशासक यह निर्धारित करते हैं कि क्या कोई जांच ज़रूरी है और क्या इसे कॉरपोरेट कार्यालय को सौंपा जाए या फिर समूह स्तर पर जांच हो। यदि कोई जांच ज़रूरी हो, तो यह एक समर्पित जांच दल द्वारा की जाती है। सुधारात्मक एवं अनुशासनिक कार्रवाइयों हेतु सिफारिशों सहित जांच के परिणाम, उत्तम व्यवसाय पद्धति प्रशासकों को सूचित किए जाते हैं।

# कानूनी अनुपालन विशेषज्ञों से सहायता

हमारी आचार एवं नैतिकता संहिता के बारे में यदि आपके कोई प्रश्न हों या आपको अधिक जानकारी चाहिए, तो आप मैग्ना के कानूनी अनुपालन विशेषज्ञों से संपर्क कर सकते हैं। इन विशेषज्ञों की सूची magna.com पर या MagNET परनैतिकता एवं कानूनी अनुपालन पृष्ठ पर देखी जा सकती है।





# शब्दावली

**रिश्वत:** कारोबार या कुछ अन्य लाभ पाने हेतु किसी को उसके वैयक्तिक लाभ के लिए कुछ मूल्यवान वस्तु देना या प्रस्ताव करना। इसमें छोटी नकद राशियां शामिल हैं - जिन्हें कभी-कभी “सहूलियत भुगतान” या “घूस देना” भी कहा जाता है - जो निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों को उनकी नेमी सेवाओं हेतु दी जाती है, जबकि देनेवाला व्यक्ति उन सेवाओं का हक़दार होता है।

**अनुपालन:** कानून, इस संहिता, और मैग्ना की सभी नीतियों का सहधर्मिता से पालन करना।

**सद्भाव:** ईमानदार एवं सच्चे उद्देश्य से।

**सरकारी कर्मचारी:** सरकार, विभाग या सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी का कोई अधिकारी या कर्मचारी, या सरकार, विभाग या सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी की ओर से आधिकारिक रूप से कार्यरत कोई व्यक्ति, तथा मैग्ना की प्रक्रियाओं द्वारा सरकारी कर्मचारी माना गया कोई व्यक्ति।

**अंदरूनी जानकारी:** निवेशकों या जनता से छुपी कोई जानकारी, जो ज्ञात होने पर, किसी कंपनी, उसके स्टॉक या बॉण्ड के मूल्य के बारे में उनकी राय को उल्लेखनीय रूप से बदल देती। उदाहरणों में कोई महत्वपूर्ण अधिग्रहण या विलय, वरिष्ठ प्रबंधन में बदलाव, महत्वपूर्ण मुकदमेबाजी या श्रम विवाद शामिल हैं।

**घूस:** रिश्वत का एक प्रकार जिसमें पहले से दी गई या देय राशि कारोबारी व्यवस्था को तेज करने हेतु वैयक्तिक पारितोषिक के रूप में लौटाई जाती है।

**गुटबंदी:** सरकारी कार्यालय में निर्वाचित व्यक्ति सहित तरकार के किसी भी स्तर पर सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, सरकारी एजेन्सियों के कर्मी एवं कर्मचारी के साथ संप्रेषण, जिसका उद्देश्य निर्णय-निर्धारण को बढ़ावा देना, विरोध या अन्यथा प्रभावित करना हो।

**संबंधी या घनिष्ठ मित्र:** इनमें शामिल हैं - पति-पत्नी, घरेलू साथी, पुत्र-पुत्री, माता-पिता, दादा-दादी, पोता-पोती, भाई-बहन, चाची, चाचा, भांजी, भांजा, ससुराल का संबंधी, सौतेला/दत्तक/पालन संबंधी, आपके घर में रहने वाला आपका कोई संबंधी, कोई मित्र, जिसके साथ आप कार्यस्थल से बाहर सामाजिक सरोकार रखते हों।

**मूल्यवान वस्तु:** अन्य के अलावा यह धन, उपहार, धर्मार्थ दान, महंगी यात्रा एवं मनोरंजन खर्च, शिक्षा खर्च, भावी रोज़गार के वादे, या किसी कंपनी के शेयरों का रूप ले सकता है।

**तीसरा पक्ष:** मैग्ना के बाहर कार्यरत कोई व्यक्ति, संगठन या कारोबार।



प्रभावी तिथि: मई 1, 2016
पिछला पुनरीक्षण: मई 1, 2016
अगले पुनरीक्षण की तिथि: मई 1, 2019
द्वारा जारी: आचारनीति और कानूनी अनुपालन
द्वारा अनुमोदित: निदेशक मंडल

magna.com


Driving Integrity
Know it.
Speak it.
Live it.